संशोधित शासनादेश

संख्या- 133 /2019 / 2335 /चार-2019 -27 (वि0)/ 2018

प्रेषक,

शिशिर
विशेष सचिव,
उत्तर प्रदेश शासन।

सेवा में,

निदेशक,
संस्कृति निदेशालय, उ0प्र0,
जवाहर भवन, लखनऊ ।

संस्कृति अनुभाग: लखनऊ: दिनांक 18 अक्टूबर, 2019

विषय:- वित्तीय वर्ष 2019-20 में पं0 सूर्यकान्त त्रिपाठी निराला की जन्मस्थली गढाकोला, उन्नाव में विशाल स्मृति भवन, पुस्तकालय एवं अन्य संरचना के निर्माण हेतु निर्गत शासनादेश दिनांक 15 जुलाई, 2019 में आंशिक संशोधन के सम्बन्ध में।

महोदय,

उपरोक्त विषयक शासनादेश संख्या-119/2019/625/चार-2019-27(वि0)/2018 दिनांक 15 जुलाई, 2019 का कृपया संदर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें।

2- इस सम्बन्ध में मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि पं0 सूर्यकान्त त्रिपाठी निराला की जन्मस्थली गढाकोला, उन्नाव में विशाल स्मृति भवन, पुस्तकालय एवं अन्य संरचना के निर्माण आदि कार्यो हेतु निर्गत शासनादेश संख्या-119/2019/625/चार-2019-27(वि0)/2018 दिनांक 15 जुलाई, 2019 में आंशिक संशोधन करते हुए धनराशि रू0 500.00 लाख की प्रशासकीय स्वीकृति के स्थान पर धनराशि रू0 1464.34 लाख + जी0एस0टी0 (वास्तविकता के आधार पर नियमानुसार देय) की प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान की जाती है।

3- शासनादेश संख्या-119/2019/625/चार-2019-27(वि0)/2018 दिनांक 15 जुलाई, 2019 उक्त सीमा तक संशोधित समझा जायेगा।

भवदीय,
(शिशिर)
विशेष सचिव

संख्या- 133 /2019/ 2335 /चार-2019 तद्दिनांक।

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित:-

1- प्रधान महालेखाकार, (लेखा व हकदारी) प्रथम, उ0प्र0 इलाहाबाद।
2- निदेशक, उ0प्र0 आवास एवं विकास परिषद , नीलिगिरी काम्पलेक्स इन्दिरानगर लखनऊ।
3- वित्त नियंत्रयक, संस्कृति निदेशालय, उ0प्र0 जवाहर भवन, लखनऊ।
4- मुख्य कोषाधिकारी, कोषागार, जवाहर भवन, लखनऊ।
5- वित्त (लेखा) अनुभाग-1/वित्त (ई-7) अनुभाग/नियोजन अनुभाग-4,
6- गार्ड फाइल।

आज्ञा से,
(शिशिर)
विशेष सचिव

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अत: इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नहीं है ।
2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.nic.in से सत्यापित की जा सकती है ।

http://shasanadesh.up.nic.in/